प्रारूप

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, वेबसाईट : bsea.bihar.gov.in

पटना/दिनांक 09/11/2022

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-13/2022 2055 चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित/ विघटित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

2. **और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा अनुलग्नक-1** में अंकित 89 (नवासी) व्यापार मंडल सहयोग समितियों का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।

3. अतः बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा **कंडिका-4 में** अंकित कार्यक्रम के अनुसार समिति के उपविधियों में यथा वर्णित पदों के निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में मतदान हेतु **दिनांक 24.12.2022 (शनिवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने **पत्र संख्या-1916 दिनांक 14.10.2022** से मतदाता सूची तैयार करने के लिए **कट-ऑफ तिथि दिनांक 30.09.2022** निर्धारित की गयी है, तद्नुसार मतदाता सूची का **अंतिम प्रकाशन दिनांक 11.11.2022** को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जाना निर्धारित है।

4. अनुलग्नक-1 में अंकित समितियों के निर्वाचन हेतु निम्नांकित कार्यक्रम नियत किया जाता है:-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 26.11.2022 (शनिवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 12.12.2022 (सोमवार) एवं 13.12.2022 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 14.12.2022 (बुधवार) एवं 15.12.2022 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी की तिथि | 17.12.2022 (शनिवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 24.12.2022 (शनिवार)<br>7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 24.12.2022 (शनिवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |

| | | |
|---|---|---|
| (vii) | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 26.12.2022 (सोमवार) |

5. निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए संलग्न **प्रपत्र-1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 26.11.2022 (शनिवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

6. **निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्राधिकार के वेबसाईट http://bsea.bihar.gov.in/ पर ऑनलाईन के माध्यम से विभिन्न अवधियों में निम्न सूचनाओं को प्रविष्ट किया जाना तथा अंतिम मतदाता सूची को अपलोड किया जाना अनिवार्य है। यदि निम्न सूचनाओं की प्रविष्ट नहीं की जायगी, तो प्राधिकार इसे काफी गंभीरता से लेगाः-**

| **क्र०** | **सूचना प्रविष्ट/ अपलोड किये जाने का समय** | **प्रविष्ट/ अपलोड किये जाने वाली सूचना** |
|---|---|---|
| i. | सूचना के प्रकाशन की तिथि के तुरंत पश्चात् | प्रपत्र-1 में सूचना का प्रकाशन किया गया अथवा नहीं (हाँ अथवा नहीं में), की सूचना को प्रविष्ट करना है। |
| ii. | अभ्यर्थिता वापसी की तिथि के तुरंत पश्चात् | निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित/ मतदाताओं की संख्या, को प्रविष्ट करना है। |
| iii. | मतदान के दिन विभिन्न अवधियों में | मतदाताओं द्वारा दिये गये मतों की संख्या (मतदान प्रतिशत की गणना सर्वर द्वारा स्वतः ही कर लिया जायेगा), को प्रविष्ट करना है। |
| iv. | निर्वाचन परिणाम के अगले दिन तक | निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर युक्त सविरोध/ निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थियों की सूचना (प्रपत्र ई0 18), को अपलोड करना एवं तदोपरांत प्राधिकार के ई-मेल bseapatna@gmail.com पर भेजना है। |
| v. | मतगणना के पश्चात् एक सप्ताह के अंदर | पब्लिक डोमेन में सुरक्षित रखने हेतु अद्यतनीकरण के पश्चात् की अंतिम मतदाता सूची (जिस पर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर अनिवार्य है) को प्राधिकार के पत्र-469 दिनांक 25.02.2021 में दिये गये निर्देशों के अनुरूप स्कैन कर प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करना है। |

7. **प्रपत्र-1 में सूचना के प्रकाशन की प्रविष्टि प्राधिकार के वेबसाईट पर निर्धारित समय पर नहीं किये जाने की स्थिति में प्राधिकार उक्त समिति का निर्वाचन स्थगित कर देगा। अभ्यर्थिता वापसी की तिथि के तुरंत पश्चात् निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित/ मतदाताओं की संख्या की प्रविष्टि नहीं किये जाने की स्थिति में भी उक्त कार्य के लिए निर्धारित तिथि के तीन दिनों के पश्चात् संबंधित समिति का चुनाव प्राधिकार द्वारा स्थगित कर दिया जायेगा। यदि उक्त ऑनलाईन सूचनाओं के अभाव में संबंधित समिति का चुनाव स्थगित किये जाने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसके लिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी जवाबदेह होंगे और इसके लिए उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा उनके प्रशासी विभाग से की जायगी।**

8. <u>निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) को प्राधिकार के वेबसाइट पर एक सप्ताह के अंदर अपलोड किया जाना है।</u> इससे संबंधित प्राधिकार के पत्रांक 469 दिनांक 25.02.2021 एवं पत्रांक 530 दिनांक 03.03.2021 तथा इस पत्र के साथ संलग्न दिशा-निर्देश सभी पदाधिकारियों को पूर्व में भी संसूचित किया जा चुका है। ये पत्र प्राधिकार के वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

9. निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-5** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारी के हस्तपुस्तिका में वर्णित **प्रपत्र-ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं तिथियों को फैक्स **(0612-2231562)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

10. <u>कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के दृष्टिकोण से प्राधिकार के पत्रांक **1442** दिनांक **02.07.2020** द्वारा **700** मतदाताओं के वजाय **450** मतदाताओं पर मतदान केन्द्र बनाने के निर्णय को संशोधित करते हुए पूर्व की भांति **700** मतदाताओं पर एक मतदान केन्द्र बनाने का निर्णय लिया गया है। मतदान के समय भीड़-भाड़ से बचने हेतु मतदान का समय भी विस्तारित करके **7:00** बजे पूर्वाहन से **4:30** बजे अपराहन तक किया गया है।</u> इस संबंध में प्राधिकार के पत्रांक 1442 दिनांक 02.07.2020 द्वारा निर्गत दिशा निर्देश इस हद तक संशोधित समझा जायेगा।

11. <u>समिति के चुनाव क्षेत्र के किसी भी हिस्से को दिनांक **26.11.2022** के बाद यदि कंटेन्मेंट जोन घोषित किया जाता है या पूर्व से घोषित कंटेन्मेंट जोन की अवधि दिनांक **26.11.2022** के बाद समाप्त हो रही हो, तो जिला निर्वाचन पदाधिकारी संबंधित समिति के चुनाव को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर देंगे एवं इसकी घटनोत्तर स्वीकृति प्राधिकार से प्राप्त करेंगे। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के दृष्टिकोण से या किसी अन्य कारण से भी किसी समिति के चुनाव को स्थगित करने की स्थिति बनती है, तो जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को इसकी अनुशंसा कर अनुमोदन प्राप्त करेंगे। यदि पूर्व से घोषित मतदान केन्द्र कंटेन्मेंट जोन के अन्तर्गत आ जाते हैं, तो निर्वाचन पदाधिकारी जिला पदधिकारी के अनुमोदन से मतदान केन्द्र बदल देंगे और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।</u>

12. <u>कोरोना वायरस का प्रभाव अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी मतदान एवं मतगणना केन्द्र पर कोरोना संक्रमण से संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये निरोधात्मक उपायों एवं सामान्य मानक प्रक्रिया का ध्यान रखेंगे तथा यह व्यवस्था सुनिश्चत करेंगे कि मतदान एवं मतगणना केन्द्र पर भीड़-भाड़ की स्थिति उत्पन्न न हो एवं सामाजिक दूरी बनी रहे। पंक्तिवद्ध होने की स्थिति में एक-दूसरे के बीच मानक दूरी बनाये रखा जाय तथा मतदाताओं के हाथ को हैंड सेनिटाईजर/ साबून पानी से साफ किये जाने आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। मतदान केन्द्र पर कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए संलग्न परिशिष्ट में अंकित व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की जायगी। हैंड सेनिटाईजेशन/ साबून पानी से हाथ साफ कराने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी एक अतिरिक्त कर्मी की व्यवस्था करेंगे, जिसके भुगतान के लिए प्राधिकार द्वारा राशि का आवंटन किया जायेगा।</u>

13. बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात दिनांक 26.12.2022 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित

अनुदेश ''सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका'' के पृष्ठ 122-129 पर देखे जा सकते हैं।

**अनुलग्नकः यथोक्त।**

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 2055 पटना/ दिनांक 09/11/2022

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 2055 पटना/ दिनांक 09/11/2022

प्रतिलिपिः संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰)/ संबंधित उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स0स0)/ संबंधित वरीय पुलिस अधीक्षक/ संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त से अनुरोध है कि प्राधिकार के पत्रांक 942 दिनांक 25.09.2017 के आलोक में व्यापार मंडल सहयोग समितियों के निर्वाचन में पर्यवेक्षक की नियुक्ति भी सुनिश्चित करेंगे। उक्त पत्र प्राधिकार के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

3. संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

4. संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰) को सूचित किया जाता है कि व्यापार मंडल निर्वाचन के संचालन हेतु प्राधिकार के पत्रांक 688 दिनांक 04.08.2017 द्वारा दिये गये अनुदेश यथा संशोधनों के साथ (Mutatis Mutandis) लागू होंगे। यह अनुदेश प्राधिकार के बेवसाईट www.bsea.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

सचिव।

ज्ञापांक : 2055 पटना/ दिनांक 09/11/2022

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 2055 पटना/ दिनांक 09/11/2022

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 2055 पटना/ दिनांक 09/11/2022

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रशाखा-2 (स्थापना) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन की तिथि को कंट्रोल रूप बनाने का आदेश निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।

अनुलग्नक-1

# निर्वाचन देय व्यापार मंडल सहयोग समितियों की सूची।

| क्र० | जिला | प्रखंड | समिति का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | गया | बोधगया | बोधगया व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 2 | गया | टनकुप्पा | टनकुप्पा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 3 | गया | इमामगंज | इमामगंज व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 4 | पश्चिम चम्पारण | नरकटियागंज | नरकटियागंज व्यापर मंडल स0स0लि0 |
| 5 | पश्चिम चम्पारण | रामनगर | रामनगर व्यापर मंडल स0स0लि0 |
| 6 | पश्चिम चम्पारण | सिकटा | सिकटा व्यापर मंडल स0स0लि0 |
| 7 | पश्चिम चम्पारण | मंझौलिया | मंझौलिया व्यापर मंडल स0स0लि0 |
| 8 | पश्चिम चम्पारण | बगहा-2 | बगहा-2 व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 9 | गोपालगंज | विजयीपुर | विजयीपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 10 | गोपालगंज | हथुआ | हथुआ व्यापर मंडल स0स0लि0 |
| 11 | गोपालगंज | कुचायकोट | कुचायकोट व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 12 | गोपालगंज | फुलवरिया | फुलवरिया व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 13 | गोपालगंज | बैकुण्ठपुर | बैकुण्ठपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 14 | गोपालगंज | मीरगंज | मीरगंज व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 15 | गोपालगंज | मांझा | मांझा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 16 | गोपालगंज | सिधवलिया | सिधवलिया व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 17 | गोपालगंज | बरौली | बरौली व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 18 | बांका | बौसी | बौसी व्यापार मडल स0स0लि0 |
| 19 | कैमूर | भगवानपुर | भगवानपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 20 | कैमूर | मोहनियॉं | मोहनियॉं व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 21 | मुंगेर | तारापुर | तारापुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 22 | मुंगेर | जमालपुर | जमालपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 23 | मुंगेर | संग्रामपुर | संग्रामपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 24 | मुंगेर | धरहरा | धरहरा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 25 | मुंगेर | असरगंज | असरगंज व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 26 | मुंगेर | बरियारपुर | बरियारपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 27 | कटिहार | समेली | समेली व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 28 | कटिहार | कोढ़ा | कोढ़ा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 29 | कटिहार | प्राणपुर | प्राणपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 30 | कटिहार | आजमनगर | आजमनगर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 31 | कटिहार | कटिहार | संयुक्त व्यापार मंडल स0स0लि0, कटिहार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32 | कटिहार | बारसोई | बारसोई व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 33 | सीतामढ़ी | सुरसण्ड | सुरसण्ड व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 34 | शेखपुरा | अरियरी | अरियरी व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 35 | शेखपुरा | बरबीघा | बरबीघा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 36 | शेखपुरा | चेवाड़ा | चेवाड़ा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 37 | नवादा | गोविन्दपुर | गोविन्दपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 38 | नवादा | हिसुआ | हिसुआ व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 39 | नवादा | कौआकोल | कौआकोल व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 40 | नवादा | मेसकौर | मेसकौर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 41 | नवादा | नरहट | नरहट व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 42 | नवादा | नवादा | नवादा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 43 | नवादा | पकड़ीबरावॉ | पकड़ीबरावॉ व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 44 | नवादा | सिरदला | सिरदला व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 45 | नवादा | अकबरपुर | अकबरपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 46 | पटना | बख्तियारपुर | बख्तियारपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 47 | पटना | पालीगंज | पालीगंज व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 48 | पटना | पुनपुन | पुनपुन व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 49 | पटना | दानापुर | दानापुर खगौल व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 50 | पटना | नौबतपुर | नौबतपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 51 | पटना | दुल्हिन बाजार | दुल्हिन बाजार व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 52 | पटना | मसौढ़ी | मसौढी व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 53 | पूर्णिया | पूर्णिया पूर्व | पूर्णिया संयुक्त व्यापार मंडल स0स0लि0, गुलाबबाग |
| 54 | पूर्णिया | कसवा | कसवा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 55 | पूर्णिया | कृत्यानन्द नगर | कृत्यानन्द नगर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 56 | पूर्णिया | बनमनखी | बनमनखी व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 57 | पूर्णिया | धमदाहा | धमदाहा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 58 | पूर्णिया | बायसी | बायसी व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 59 | पूर्णिया | अमौर | अमौर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 60 | पूर्णिया | वैसा | वैसा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 61 | पूर्णिया | डगरूआ | डगरूआ व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 62 | पूर्णिया | श्रीनगर | श्रीनगर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 63 | पूर्णिया | जलालगढ़ | जलालगढ़ व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 64 | जमुई | खैरा | खैरा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 65 | जमुई | जमुई | जमुई व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 66 | जमुई | लक्ष्मीपुर | लक्ष्मीपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 67 | जमुई | सिकन्दरा | सिकन्दरा व्यापार मंडल स0स0लि0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 68 | जमुई | झाझा | झाझा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 69 | जमुई | ई0 अलीगंज | ई0 अलीगंज व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 70 | जमुई | बरहट | बरहट व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 71 | जमुई | चकाई | चकाई व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 72 | जमुई | सोनो | सोनो व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 73 | मुजफ्फरपुर | मुशहरी | मुजफ्फरपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 74 | बक्सर | राजपुर | राजपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 75 | वैशाली | वैशाली | वैशाली व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 76 | वैशाली | भगवानपुर | भगवानपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 77 | वैशाली | सहदेई बुजुर्ग | सहदेई बुजुर्ग व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 78 | वैशाली | लालगंज | लालगंज व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 79 | वैशाली | महुआ | महुआ व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 80 | वैशाली | बिदुपुर | बिदुपर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 81 | वैशाली | राजापाकर | राजापाकर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 82 | पूर्वी चम्पारण | रक्सौल | रक्सौल व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 83 | समस्तीपुर | मोरवा | मोरवा व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 84 | समस्तीपुर | कल्याणपुर | कल्याणपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 85 | समस्तीपुर | पटोरी | पटोरी व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 86 | समस्तीपुर | सिंघिया | सिंघिया व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 87 | समस्तीपुर | मोहिउद्दीननगर | मोहिउद्दीननगर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 88 | बेगूसराय | भगवानपुर | भगवानपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |
| 89 | गया | फतेहपुर | फतेहपुर व्यापार मंडल स0स0लि0 |

प्रपत्र-1

# सूचना का प्रपत्र
## (नये व्यापार मंडल के लिए)

जिला ................, प्रखंड......................के व्यापार मंडल ........................., निबंधन संख्या..........................., पता ..........................................................के अध्यक्ष तथा प्रबंधकारिणी कमिटी के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक.................को किया जाना है,

मैं.........................................................निर्वाचन पदाधिकारी एतद द्वारा निम्नलिखित आम सूचना देता हूँ :-
(निर्वाचन पदाधिकारी का नाम)

## आम सूचना

(i) निर्वाचित होने वाले व्यक्तियों की संख्या 14 है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है -

| पद | निर्वाचित किये जाने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| **प्रथम वर्ग से** | |
| अध्यक्ष | 01 (अनारक्षित) |
| प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य | 10 |
| • अनु0जाति/अनु0ज0जाति कोटि | 02 पद (आरक्षित; जिसमें से यथाशक्य निकटतम 50% पद महिलाओं के लिए आरक्षित) |
| • पिछड़ा वर्ग कोटि | 01 पद (आरक्षित) |
| • अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि | 02 पद (आरक्षित; जिसमें से यथाशक्य निकटतम 50% पद महिलाओं के लिए आरक्षित) |
| • सामान्य कोटि | 05 पद (अनारक्षित; जिसमें से यथाशक्य निकटतम 50% पद महिलाओं के लिए आरक्षित) |
| **द्वितीय वर्ग से** | |
| प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य | 03 |
| • अनु0जाति/अनु0ज0जाति कोटि | 01 पद (आरक्षित) |
| • सामान्य कोटि | 02 पद (अनारक्षित; जिसमें से यथाशक्य निकटतम 50% पद महिलाओं के लिए आरक्षित) |

(ii) नामांकन पत्र अधोहस्ताक्षरी को उनके कार्यालय..................................अथवा अपरिहार्य कारणों से उसे प्राप्त नहीं कर
(स्थान का नाम)
सकने की स्थिति में...............................................को..................................................पर दाखिल किया जा सकता
(उप निर्वाचन पदाधिकारी का नाम) (स्थान का नाम)
है। नामांकन पत्र दिनांक ........................................ 11 बजे पूर्वाह् से 3 बजे अपराह्न तक प्रस्तुत किया जा सकता है।
(नामांकन पत्र दाखिला की तिथि)

(iii) नामांकन पत्र का प्रपत्र उपरोक्त पदाधिकारियों के कार्यालय से दिनांक........................से दिनांक.............................. तक ...............................बजे से...........................बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

(iv) नामांकन पत्रों की संवीक्षा दिनांक......................को.............................पर 11 बजे पूर्वाह्न में प्रारंभ होगी एवं 3 बजे
(स्थान का नाम)
तक चलती रहेगी।

(v) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना दिनांक....................को अपराह्न ............. बजे के पूर्व तक ..............................पर
(स्थान का नाम)
दाखिल की जा सकती है।

(vi) सविरोध निर्वाचन की स्थिति में मतदान दिनांक.................को 7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30.......................बजे अपराह्न
(स्थान का नाम) तक होगा।

(Vii) मतगणना दिनांक................को ...............बजे से.........................................पर की जायेगी।
(स्थान का नाम)

स्थान-
तिथि -

निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर

प्रपत्र-1

# सूचना का प्रपत्र

## (पुराने व्यापार मंडल के लिए)

जिला ................, प्रखंड........................के व्यापार मंडल .........................., निबंधन संख्या.........................., पता ..........................................................के अध्यक्ष तथा प्रबंधकारिणी कमिटी के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक..................को किया जाना है;

मैं......................................................निर्वाचन पदाधिकारी एतद द्वारा निम्नलिखित आम सूचना देता हूँ :-
(निर्वाचन पदाधिकारी का नाम)

## आम सूचना

(i) निर्वाचित होने वाले व्यक्तियों की संख्या 13 है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है -

| पद | निर्वाचित किये जाने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| अध्यक्ष - प्रथम एवं द्वितीय वर्ग दोनों से | 01 (अनारक्षित) |
| प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य | |
| **प्रथम वर्ग ( सहयोग समितियाँ ) से** | 06 |
| • अनु0जाति/अनु0ज0जाति कोटि | 01 पद (आरक्षित) |
| • अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि | 01 पद (आरक्षित) |
| • पिछड़ा वर्ग कोटि | 01 पद (आरक्षित) |
| • सामान्य कोटि | 03 पद (अनारक्षित; जिसमें से यथाशक्य निकटतम 50% पद महिलाओं के लिए आरक्षित) |
| **द्वितीय वर्ग ( व्यक्तिगत किसान ) से** | 06 |
| • अनु0जाति/अनु0ज0जाति कोटि | 01 पद (आरक्षित) |
| • पिछड़ा वर्ग कोटि | 01 पद (आरक्षित) |
| • अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि | 01 पद (आरक्षित) |
| • सामान्य कोटि | 03 पद (अनारक्षित; जिसमें से यथाशक्य निकटतम 50% पद महिलाओं के लिए आरक्षित) |

(ii) नामांकन पत्र अद्योहस्ताक्षरी को उनके कार्यालय.....................................अथवा अपरिहार्य कारणों से उसे प्राप्त नहीं कर
(स्थान का नाम)
सकने की स्थिति में...............................................को..............................................पर दाखिल किया जा सकता
(उप निर्वाचन पदाधिकारी का नाम) (स्थान का नाम)
है। नामांकन पत्र दिनांक ............................................ 11 बजे पूर्वाह् से 3 बजे अपराह्न तक प्रस्तुत किया जा सकता है।
(नामांकन पत्र दाखिला की तिथि)

(iii) नामांकन पत्र का प्रपत्र उपरोक्त पदाधिकारियों के कार्यालय से दिनांक.........................से दिनांक............................ तक .............................बजे से..............................बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

(iv) नामांकन पत्रों की संवीक्षा दिनांक.......................को..............................पर 11 बजे पूर्वाह्न में प्रारंभ होगी एवं 3 बजे
(स्थान का नाम)
तक चलती रहेगी।

(v) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना दिनांक.....................को अपराह्न ............. बजे के पूर्व तक ............................पर
(स्थान का नाम)
दाखिल की जा सकती है।

(vi) सविरोध निर्वाचन की स्थिति में मतदान दिनांक.................को 7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30.............................
(स्थान का नाम)
बजे अपराह्न तक होगा।

(Vii) मतगणना दिनांक.................को ................बजे से..........................................पर की जायेगी।
(स्थान का नाम)

स्थान-

तिथि -

निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर